Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 29-11-2005

Participants : Rawat Shri Bachi Singh

>

Title : Need to include Pithorogarh, Almora, Bageshwar and Champawat districts in Uttaranchal under ‘Sam Vikas Yojna’.

श्री बची सिंह रावत ‘बचदा’ (अल्मोड़ा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में चार जिले अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर एवं चम्पावत सम्मिलित हैं। वर्ा 1960 से पूर्व यह क्षेत्र माल का एक जिला अल्मोड़ा के अन्तर्गत सम्मिलित था। 1960 में अल्मोड़ा जिले का ि वभाजन कर पिथौरागढ़ जिला बनाया गया है और वर्ा 1977 में अल्मोड़ा जिले का विभाजन कर बागेश्वर व पिथौरागढ़ जिले का ि वभाजन कर चम्पावत जिला बनाया गया है, उपरोक्त चारों जिले पर्वतीय एवं दुर्गम क्षेत्र वाले जिले हैं।

भारत सरकार द्वारा राट्रीय सम विकास योजना के अन्तर्गत चम्पावत जिले का चयन कर उसे विकास कार्यो हेतु 45 करोड़ रूपए की धनराशि उपलब्ध करायी गयी जबकि चम्पावत जिले से लगे हुए पिथौरागढ़, अल्मोड़ा व बागेश्वर अत्यंत पिछड़े व अविकसित जिले हैं और यहां भी विकास की कोई किरण नहीं पहुंची है। मैं लगातार मांग करता रहा हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के चारों पर्वतीय जिलों को राट्रीय सम विकास योजना के अन्तर्गत लाया जाए।

अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूँ कि राट्रीय सम विकास योजना तथा काम के बदले अनाज और रोजगार गारंटी योजना को मेरे संसदीय क्षेत्र के पर्वतीय जिलों अल्मोड़ा, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ में भी इसी वित्तीय वर्ा से लागू किया जाए।